# सात सौ करोड़ के निवेश की राह खुली

**औद्योगिकीकरण**

- यूपीसीडा ने 11 जिलों में निवेशकों को भूखंड आवंटित किए
- 4800 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा यहां लगने वाले उद्योगों में

> उत्तर प्रदेश अब औद्योगिक निवेश का भरोसेमंद केंद्र बन चुका है। यूपीसीडा द्वारा मई माह में मेगा आवंटन योजना के माध्यम से 113 भूखंडों का आवंटन किया गया।
>
> – **मयूर माहेश्वरी,** सीईओ यूपीसीडा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** लखनऊ। विशेष संवाददाता। यूपीसीडा ने राज्य के 11 जिलों में विभिन्न निवेश परियोजनाओं के लिए उद्यमियों को जमीन आवंटित कर दी है। इससे यहां 700 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं लगने का रास्ता साफ हो गया है। इससे 4800 व्यक्तियों का रोजगार सृजन होगा।

इन जिलों में जालौन, भोगांव (मैनपुरी), मलवां (फतेहपुर), शाहजहांपुर, पिलखनी (सहारनपुर), रामनगर-2 (चंदौली), कार्खियाँव (वाराणसी), आईआईडीसी बंथर (उन्नाव), एम.जी. रोड (हापुड़) तथा साइट-सी, सूरजपुर (ग्रेटर नोएडा) व कोसी कोटवन (मथुरा) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दो वाणिज्यिक संपत्तियों की भी सफल बिक्री की गई, जिनमें सिकंदराबाद (बुलंदशहर) स्थित एक वेयरहाउस तथा साइट-सी (ग्रेटर नोएडा) में स्थित एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शामिल हैं।

उन्नाव में हंस इनर्जी धरा टूल्स व आटो पार्ट्स, पीलीभीत में गणपति इलेक्ट्रिकल्स धरा इन्चेस्थान मोल्डिंग, झांसी में ओम इल्यूमिनेशन धरा हार्डवेयर, ललितपुर में भदेरिया फार्मा धरा बल्क ड्रग स्थापित करेगी। परम इंडस्ट्रीज ने 36 करोड़ की उच्चतम बोली लगाकर वेयरहाउसिंग परियोजना के लिए भूमि प्राप्त की। विनायक ग्रुप ने 31 करोड़ से अधिक की बोली लगाकर सेक्टर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इवरटच बायोरेमेडीज फार्मास्यूटिकल इकाई की स्थापना के लिए जमीन आवंटित कराई है।